**परियोजना का नाम – जनपद चंपावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित, नरसिंहडांडा से भगीना भण्डारी मोटर मार्ग (लंबाई- 7.00 कि०मी०) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।**

## मोटर मार्ग का निर्माण किया जाने का औचित्य

जनपद चम्पावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नरसिंह डांडा से भगिना भन्डारी मोटर मार्ग स्टेज प्रथम के निर्माण में आने वाली वनभूमि(3.42 है०) प्रस्तावित है जिसका ऑनलाइन प्रपोजल संख्या FP/UK/Road/18336/2016 है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम बडपास गडकोट एवं भगिना भंडारी के 953 की आबादी लाभान्वित होगी। उपरोक्त परियोजना की स्वीकृति शासनादेश सं० 2491/पी०3-14/यू०आर०आर०डी०/१० दिनांक 18-03-2010 के द्वारा 250-499 तक जनसंख्या वाली असंयोजित व बसावटों को बारह मासी संपर्क मार्गों से संयोजित करने हेतु 10.00 कि०मी० प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जनपद चंपावत के अंतर्गत नरसिंहडांडा से भगीना भण्डारी मोटर मार्ग स्टेज – I के नव निर्माण की वास्तविक लम्बाई 7.00 कि०मी० आ रही है। इस मार्ग में ग्राम भगीना भण्डारी, गड़कोट एवम बड़पास जुड़ रहे है (जो कि KML फ़ाइल पर अंकित किया गया है)।

उक्त मोटर मार्ग कनूडा-बडपास मोटर के कि०मी० 3.0 से शुरू होकर किलोमीटर 7.00 की लम्बाई में ग्राम भगिना भंडारी पर समाप्त होती है। मोटर मार्ग में 3.80 किलोमीटर वन भूमि (वन पंचायत भूमि 1.80 किमी व सिविल सोयम भूमि 2.00 किमी) एवं 3.20 किलोमीटर नाप खेत प्रभावित हो रहे है, प्रथम गांव बडपास है जोकि प्रस्तावित मोटर मार्ग के किलोमीटर 1.50 से शुरू होती है एवं जिसमे कुल 131 लोग निवास करते है (ऑनलाइन अपलोडेड केएमएल पर दर्शाया गया है) दूसरी गांव जिनकी जनसँख्या 323 की है जोकि प्रस्तवित मोटर मार्ग के 3.80 किलोमीटर से शुरू होकर विस्तृत है (जियो-टैग फोटो में संलग्न है) मार्ग के अंतिम बिंदु पर भगिना- भंडारी गांव (नरियाल गाँव तोक) है, निकटवर्ती सीमा से लगी हुई है एवम नारियल हाट बाजार तक जाकर समाप्त होती है।

मोटर मार्ग की की शुरुआत से डामर मार्ग (कानुड़ा-बरपास मोटर मार्ग ) के 600 मी० दूर गूँथ-गरसरी प्राइमरी स्कूल है जोकि निकटतम विधान सभा एवम लोकसभा वोटिंग सेंटर है। यह मार्ग के बनने से दो ग्राम (गडकोट और बडपास कुल जनसख्या 454) को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय की दूरी 28 किलोमीटर से घटकर केवल 14 किलोमीटर ही रह जाएगी तथा मार्ग की समाप्ति बिंदु के निकट नारियल मार्किट (भगिना -भंड़ारी का तोक) साथ ही साथ जूनियर हाई स्कूल एवं एक प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र का लाभ मिल पायेगा एवं उच्च शिक्षा हेतु स्थानीय बच्चो की चम्पावत एवं टनकपुर रेलवे स्टेशन तक जाने में सुविधा होगी साथ ही साथ कृषको को अच्छे खाद , बीज कीटनाशक हेतु चम्पावत में अच्छे एवं उचित मूल्य में क्रय तथा फसल, फल एवं सब्जी इत्यादि को उचित मूल्य पर विक्रय किया जा सकता है जिससे रोजगार सृजन होगा एवं जीवकोपार्जन की बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी।

चूंकि पी०एम०जी०एस०वाई० के मानकों के अनुसार लक्षित बसावट के साथ एग्रिकल्चर /यातायात/ शिक्षा-भवन/ प्रशासनिक-भवन/ चिकित्सा-भवन/ पशु चिकित्सालय/ पोस्ट ऑफिस/ बैंक/ विद्युत भवन/ पंचायत मुख्यालय इत्यादि को संयोजित किया जाना अति आवश्यक है। उक्त मार्ग के अंतर्गत लाभान्वित होने वाली बसावटों/तोक एवम दूरी का विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र० सं० | Geo-reference map में संयोजित होने वाली बसावटों/ सार्वजनिक स्थल/ विद्यालय | Geo-reference map में संयोजित होने वाली बसावटों/ सार्वजनिक स्थल/ विद्यालय की जनसंख्या | Geo-reference map में संयोजित होने वाली बसावटों/ सार्वजनिक स्थल/ विद्यालय का location का विवरण | Geo-reference map में संयोजित होने वाली बसावटों/ सार्वजनिक स्थल/ विद्यालय की दूरी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रा० वि० गूँथ गडसारी | - | बिन्दु संख्या 1 से 1.5 किमी दूर स्थित है | प्रारंभ से 1500 मी० दूरी पर है |
| 02 | बडपास ग्राम | 131 | बिन्दु संख्या 7 पर स्थित है | 1500 मी० दूरी पर है |
| 03 | प्राथमिक स्कूल बडपास | - | बिन्दु संख्या 9 से 0.15 किमी दूर स्थित है | मार्ग से 150 मी० की दूरी पर है |

Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | मनतोला तोक | - | बिन्दु संख्या 16 पर स्थित है | 2800 मी० दूरी पर है |
| 05 | गडकोट ग्राम | 323 | बिन्दु संख्या 21 पर स्थित है | 3800 मी० दूरी पर है |
| 06 | प्राथमिक स्कूल गडकोट | - | बिन्दु संख्या 22 से 0.20 किमी दूर स्थित है | मार्ग से 200 मी० की दूरी पर है |
| 07 | नरियल तोक भगीना भण्डारी ग्राम | 469 | बिन्दु संख्या 32 पर स्थित है | 7000 मी० दूरी है |
| 08 | उच्च माध्यमिक विद्यालय दयारतोली | - | बिन्दु संख्या 32 से 0.450 किमी दूर स्थित है | मार्ग से 450 मी० दूर है |
| 09 | स्वास्थ्य केंद्र | - | बिन्दु संख्या 30 से 0.100 किमी दूर स्थित है | मार्ग से 100 मी० दूर है |

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है, उक्त क्षेत्र अतिदुर्गम होने तथा मानसून सत्र (वर्षाकाल) में आपात चिकित्सा के समय क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने से राहत-बचाव कार्य भी समय से नही हो पाता है। उक्त क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने से समस्त क्षेत्र विकास मे बहुत पिछड़ा है, तथा वहाँ बसी जनसंख्या का ना ही सामाजिक एवम आर्थिक उत्थान हो पाया है। सामान्य दैनिक कार्यो व खाद्य सामाग्री इत्यादि हेतु ग्रामीणो को पैदल दूरी तय कर भगीना भण्डारी से क्रय करके भारी बोझ को सिर पर अथवा पीठ पर लेकर जाना पड़ता है, अस्वस्थ व्यक्तियों तथा महिलाओ के प्रसव आदि की स्थिति में मोटर मार्ग न होने के कारण समय पर चिकित्सा का लाभ नही मिल पाता है, जिससे जन-हानी की संभावना बनी रहती है। इसलिए उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में किया जाना अतिआवश्यक है।

अतः उक्त परियोजना से ग्राम बडपास, तोक मगतोला (जियो-रिफ्रेन्स मानचित्र मे अंकित), ग्राम गड़कोट एवम नरियल गाँव (भगिना-भण्डारी का तोक) को संयोजित कर कुल 953 (जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार) की आबादी मोटर मार्ग से लाभान्वित किया जाना है, ताकि रोजगार हेतु ग्राम वासियो के पलायन को रोका जा सके एवम उपरोक्त मार्ग बन जाने से उचित माध्यम एवम रोजगार स्रोत प्राप्त हो सके तथा पलायन की संभावना निम्न हो सकेगी। इसलिए उपरोक्तानुसार अनुरोध है कि जनहित मे प्रस्तावित मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु अग्रसारित करने का कष्ट करे।

प्रधान
ग्राम पंचायत गड़कोट
/जनपद-चम्पावत

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बड़पास
वि0ख0/जनपद -

प्रधान
ग्राम पंचायत मैरोली
वि0ख0 / जनपद चम्पावत

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भगानाभण्डारी
वि0ख0/जनपद - चम्पावत

सहायक अभियंता
पी0एम0जी0एस0वाई0
चम्पावत

पी0आई0यू0
पी0एम0जी0एम0वाई0
चम्पावत

राजस्व उप निरीक्षक
क्षेत्र-कालूखान
तहसील-चम्पावत
दिनांक 01/09/2020

राजस्व निरीक्षक
क्षेत्र चम्पावत
तहसील / जिला चम्पावत
दिनांक 01/9/2020

Scanned with CamScanner

सेवा में,

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
बागेश्वर

विषय, नरसिंहडांडा - नागीना भण्डारी सड़क निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,
निवेदन है UT-04-16 फेज़ 15 के तहत नरसिंहडाडा से नागीना भण्डारी सड़क सात Km. स्वीकृत की गयी थी। परन्तु इसमें सड़क निर्माण एलाइनमेंट सात Km था। चार Km. ही बनाया जा रहा है जिससे कि तोक जो लाभान्वित होने से वंचित रह जायेगा।

अतः कृपया उपरोक्त सड़क पूर्व में स्वीकृत एलाइनमेंट आधार पर 7 km. निर्देश देने का कष्ट करें। उपरोक्त कार्य करने से M.P.CC के सहयोग से बनायी जा रही है।

महेन्द्र देव प्रकाश
प्रकाश गड़कोटी
राकेश कुमार
मनोज
हरीश चन्द्र
किशन

प्रधान ग्राम पंचायत गड़कोट जनपद [illegible]

कपील गड़कोटी
मनोज जोशी
हरीश चन्द्र गड़कोटी
महेश गड़कोटी
राजेश चन्द्र जोशी
राजेश्वरी देवी

सेवा में

श्रीमान विधायक विधायक जी
विधान सभा क्षेत्र चम्पावत

विषय: नरसिंह डांडा से अगीना भंडारी सड़क निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है पैकेज नं० UT-04-16 फेज 2015 के तहत नरसिंह डांडा से अगीना भंडारी सड़क सात किलोमीटर स्वीकृत की गयी थी, परन्तु हमें ज्ञात हुआ है स्वीकृत सड़क जिसका सर्वेक्षण सात किलोमी० तक किया गया था को चार किलोमीटर ही बनाया जा रहा है। जिससे कई क्षेत्र जो लाभान्वित होने से वंचित रह जायेंगे,

अत: कृपया उपरोक्त सड़क पूर्व में स्वीकृत सर्वेक्षण के आधार पर सात किलोमीटर बनाये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश देने का कष्ट करेंगे। उपरोक्त सड़क N.P.C.C के माध्यम से बनायी जा रही है।

Signature
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बडपास
वि0ख0/जनपद - चम्पावत
(बबीता जोशी)

हयानन्द
चन्द्रदत्त
गणेशदत्त
Signature
सुरेश चन्द्र काण्डपाल
गिरीश चन्द्र
दिनेश चन्द्र
महेश चन्द्र
सचिन गड़कोटी
Signature
रोहित राम

किशन चन्द्र
मीरा देवी
घनश्याम भारती
सुरेश चन्द्र कुँवाल
उमेश जोशी

Scanned with CamScanner

सेवा में

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
चम्पावत

विषय: नरसिंहडांडा भागीना भंडारी सड़क निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय, अवगत कराना है पैकेज नं० UT 04-16 फेज 2015 के तहत नरसिंहडांडा से भागीना भंडारी सड़क सात किलोमीटर स्वीकृत की गयी थी। परन्तु हमें ज्ञात हुआ है स्वीकृत सड़क जिसका समरेखण सात किलोमीटर तक किया गया था को चार किलोमीटर ही बनाया जा रहा है, जिसमें कई तोक जो लाभान्वित होने थे वंचित रह जायेंगे।

अतः कृपया उपरोक्त सड़क पूर्व में स्वीकृत समरेखण के आधार पर सात किलोमीटर बनाये जाने हेतु निर्देश देने का कष्ट करेंगे, उपरोक्त सड़क कार्यदायी संस्था N.P.C.C के माध्यम से बनायी जा रही है।

कलावती देवी
Nisha
चरनदत्त
गणेश दत्त
सुरेश चन्द्र जोशी
उमेश चन्द्र जोशी
शरद चन्द्र जोशी
[illegible]
गिरीश चन्द्र

[illegible]
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बड़पास
वि०ख०/जनपद - चम्पावत

प्रीतराम
Mukesh Ram Arya
हरीश चन्द्र जोशी
कृष्णानन्द
Babita Devi
देवकी देवी
मुन्नी देवी

Scanned with CamScanner

सेवा में
श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
जिला - चम्पावत

विषय - भगानाभण्डारी, नरसिंहडांडा मोटर मार्ग के सम्बन्ध में।

महोदय
अवगत कराना है कि भगानाभण्डारी-नरसिंहडांडा मोटर मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा 2015-16 सैधांतिक स्वीकृति मिल चुकी है, महोदय हमें ज्ञात हुआ है कि उक्त मोटरमार्ग 7 किमी० स्वीकृत हुआ था, वर्तमान समय में केवल 4 किमी० ही बन रहा है, महोदय इस सड़क मार्ग को 7 किमी० पूरा बनने पर हमारी ग्राम पंचायत के निवासियों को भी लाभ होगा, जिससे हमारे ग्राम-पंचायत की दूरी मुख्यालय से 5 से 6 किमी० कम हो जायेगी,
अतः महोदय इस सड़क मार्ग को पूरे 7 किमी० बनाने की सक्षम विभाग को आदेशित करने की कृपा करें जिससे हमारे मुख्य तोक मैरोली की भी सड़क मार्ग से दूरी लगभग 3 किमी० रह जायेगी, जिससे हमको भी भविष्य में मोटर मार्ग से जुड़ने में सहुलियत होगी सभी ग्रामवासी अपनी भावनाओं से आपको अवगत - कराते हैं।

प्रार्थी - समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत मैरोली।

(1) अशोक चन्द्र - अशोक चन्द्र
(2) टीका राम - टीका राम
(3) राजेन्द्र प्रसाद - राजेन्द्र प्रसाद
(4) मनोज - मनोज
(5) भोला दत्त - भोला दत्त
(6) रतन सिंह - रतन सिंह

[signature]
प्रधान
ग्राम पंचायत - मैरोली
वि०ख०/जनपद चम्पावत

Scanned with CamScanner

सेवा में

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय

जिला - चम्पावत

विषय: नरसिंह डांडा भगीना चेंडाही सड़क निर्माण के सम्बन्ध में

महोदय, अवगत कराना है पैकेज नं० UT 04-16 फेज 2015 के तहत नरसिंह डांडा से भगीना चेंडाही सड़क सात किलोमीटर स्वीकृत की गयी थी, परन्तु हमें ज्ञात हुआ है स्वीकृत सड़क जिसका समरेखण सात किलोमीटर तक किया गया था को चार किलोमीटर ही बनाया जा रहा है। जिसमें कई तोक जो लाभान्वित होने से वंचित रह जायेंगे।

अतः कृपया उपरोक्त सड़क पूर्व में स्वीकृत समरेखण के आधार पर सात किलोमीटर बनाये जाने हेतु निर्देश देने का कष्ट करें। उपरोक्त सड़क कार्यदायी संस्था N.P.C.C के माध्यम से बनायी जा रही है।

ग्राम प्रधान
ग्राम [illegible] भण्डारी
वि० [illegible] चम्पावत

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भगानाभण्डारी
वि०ख०/जनपद - चम्पावत

रतन सिंह
जगदीश चन्द्र
रमेश सिंह
हिमानशु कुमार

[illegible signatures]


भाष्कर गौड
उमेश चन्द्र
किशन सिंह

परियोजना का नाम – जनपद चंपावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित, नरसिंहडांडा से भगीना भण्डारी मोटर मार्ग (लंबाई- 7.00 कि०मी०) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।

<u>मोटर मार्ग का निर्माण किया जाने का औचित्य</u>



प्रा० वि० गूँथ गडसारी



प्राथमिक स्कूल बडपास

सहायक अभियंता
चम्पावत


पीएमजीएसवाई
चम्पावत

परियोजना का नाम – जनपद चंपावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित, नरसिंहडांडा से भगीना भण्डारी मोटर मार्ग (लंबाई- 7.00 कि०मी०) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।

<u>मोटर मार्ग का निर्माण किया जाने का औचित्य</u>



बडपास ग्राम





प्राथमिक स्कूल गडकोट

सहायक अभियंता
पी०एम०जी०एस०वाई० वर्क्स
चम्पावत

पी०आई०यू०
पी०एम०जी०एस०वाई० वर्क्स
चम्पावत

Scanned with CamScanner

परियोजना का नाम – जनपद चंपावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित, नरसिंहडांडा से भगीना भण्डारी मोटर मार्ग (लंबाई- 7.00 कि०मी०) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।

<u>मोटर मार्ग का निर्माण किया जाने का औचित्य</u>





**उच्च माध्यमिक विद्यालय दयारतोली**



**गडकोट ग्राम**

महायक अभियंता
पी०एम०जी०एस०वाई०वर्क्स
चम्पावत

पी०आई०यू०
पी०एम०जी०एस०वाई०वर्क्स
चम्पावत

**परियोजना का नाम – जनपद चंपावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रस्तावित, नरसिंहडांडा से भगीना भण्डारी मोटर मार्ग (लंबाई- 7.00 कि०मी०) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव।**

**<u>मोटर मार्ग का निर्माण किया जाने का औचित्य</u>**



**नरियल तोक भगीना भण्डारी ग्राम**

सहायक अभियंता
पी0एम0जी0एस0वाई0वर्क्स
चम्पावत

पी0आई0यू0
पी0एम0जी0एस0वाई0वर्क्स
चम्पावत

Scanned with CamScanner